# यूपीईएस ने एसीसीए के साथ किया एमओयू साइन

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

देहरादून।

यूपीईएस ने एसोसिएशन ऑफ चार्टर्ड सर्टिफाइड अकाउंटेंट्स (एसीसीए) के साथ एमओयू साइन किया है। एमओयू का उद्देश्य छात्रों के लिए फाइनेंस के क्षेत्र में नये रास्ते खोलना है। एसीसीए विश्व के 180 से अधिक देशों में पेशेवर एकाउंटेंट को मान्यता व सहायता प्रदान करती है।

एमओयू के तहत एसीसीए के सहयोग से यूपीईएस बीबीए कोर (वित्त) कार्यक्रम भी पेश करेगा जिसका समापन एसीसीए ग्लोबल सर्टिफिकेशन के साथ होगा। इसके अलावा तीन साल का कार्य अनुभव प्राप्त करने के बाद अभ्यर्थी एसीसीए सदस्य की उपाधि के लिए पात्र होंगे। इसके अलावा डेलॉयट, ईवाई, केपीएमजी और पीडब्ल्यूसी जैसी शीर्ष परामर्श फर्मों के साथ रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। एमओयू छात्रों को उन्नत कौशल से लैस करने और लगातार बदलते परिदृश्य में सफलता के लिए तैयार करने में मील का पत्थर साबित होगा।

■ **एमओयू छात्रों को उन्नत कौशल से लैस करने में मील का पत्थर होगा साबित**

यूपीईएस के स्कूल ऑफ बिजनेस के निदेशक राहुल नैनवाल ने कहा कि एमओयू अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शैक्षिक और प्रशिक्षण माहौल को बेतहर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। एसीसीए के निदेशक (भारत) साजिद खान ने कहा कि यूपीईएस व एसीसीए के संयुक्त प्रयास से शैक्षिक अवसरों को बढ़ावा मिलेगा और वित्त क्षेत्र में भविष्य की नींव को मजबूत करता है। सहयोगात्मक प्रयास और नवीन पहल शिक्षा और छात्र कल्याण में उत्कृष्टता के प्रति यूपीईएस की प्रतिबद्धता को उजागर करते हैं।



एमओयू साइन करते दोनों संस्थानों के पदाधिकारी।